ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः ………………… दिनांक ……………

सेवा में,

1. सभी विभागाध्यक्ष / विभागाध्यक्षा,
   स्नातकोत्तर विभाग,
   ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

2. सभी प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या,
   (स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालय),
   ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

विषयः–स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर सत्र– (2021–23) में तृतीय चयन सूची के आधार पर नामांकन के संबंध में।

महाशय / महाशया,

उपरोक्त विषयक संदर्भ में सूचित करना है कि स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर सत्र– 2021–23 मे नामांकन हेतु तृतीय चयन सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट (www.lnmu.ac.in) पर जारी कर दी गयी है। विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष एवं स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि ***दिनांकः– 01.06.2022 से 10.06.2022 तक*** चयनित छात्र / छात्राओं का नामांकन आवंटित स्नातकोत्तर विभाग / महाविद्यालयों में जाँचोपरान्त सुनिश्चित किया जाय। नामांकन से संबंधित विभागीय पत्र ***पत्रांक– छा0क0– 37 / 22 दिनांक– 24.03.2022*** की सभी शर्तें यथावत् रहेगी।

छात्र / छात्रा अपना चयन–पत्र (Selection letter) विश्वविद्यालय के वेबसाईट से यूजर आई–डी एवं पासवर्ड (User I.D and password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर डाउनलोड कर सकते हैं, जिसे नामांकन के समय उनको सर्वप्रथम आपके समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। आप यह सुनिश्चित कर लेंगे कि छात्र / छात्रा इसी स्नातकोत्तर विभाग / महाविद्यालय के लिये चयनित हुए है।

प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति (AIH&C), नाट्य (Drama), संस्कृत (Sanskrit), मैथिली (Maithili), उर्दू (Urdu), दर्शनशास्त्र (Philosophy), गणित– कला (Math- Arts), अर्थशास्त्र (Economics) एवं समाजशास्त्र (Sociology) विषयों में ऑनलाईन आवेदन किये हुए जो छात्र / छात्रा नामांकन से वंचित रह गये वैसे छात्र / छात्रा स्नातकोत्तर विभाग / महाविद्यालय में जहाँ सीट रिक्त है वहाँ दिनांक– 01.06.2022 से 10.06.2022 तक नामांकन ले सकते हैं। इन नौ विषयों में ऑनलाईन आवेदन करने से वंचित छात्र / छात्रायें दिनांक– 02.06.2022 से 08.06.2022 तक ऑनलाईन आवेदन करने के उपरान्त स्नातकोत्तर

31/5/22 31/05/2022

विभाग/महाविद्यालय में जहाँ सीट रिक्त है वहाँ ***दिनांक– 10.06.2022 तक*** नामांकन ले सकते हैं।

उपरोक्त विषय के छात्र/छात्राओं को चयन–पत्र (Selection letter) की आवश्यकता नहीं है परंतु ऐसे छात्र/छात्रा के लिये भी नामांकन की अहर्ता वही होगी जो **पत्रांक– *छा0क0– 37/22 दिनांक– 24.03.2022*** के क्रम संख्या– 3 में वर्णित है, जो निम्न हैः– (स्नातकोत्तर में नामांकन CBCS Regulation के तहत लिया जाता है। परिनियम के अनुसार स्नातकोत्तर नामांकन के लिये प्रतिष्ठा (Honours) विषय में न्यूनतम 45 प्रतिशत अनुषांगिक (Subsidiary), सामान्य पाठ्यक्रम (Pass Course) एवं संबद्ध विषय (Allied Subject) में न्यूनतम 55 प्रतिशत से कम अंक है तो ऐसे छात्र/छात्रा नामांकन के पात्र नहीं होंगे।)।

नोटः–

1. ***सभी विभागाध्यक्ष/विभागाध्यक्षा, नामांकित छात्र/छात्राओं का नामांकन सूची Update हेतु विहित प्रपत्र में बनाकर जिसमें 1. नाम 2. विषय 3. फॉर्म आई0 डी0 नं0 4. वर्ग क्रमांक 5. महिला/पुरूष 6. आरक्षण कोटि आदि दिनांक–11.06.2022 तक निश्चित रूप से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करेंगे।***
2. ***स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या, नामांकित छात्र/छात्राओं का Dash Board पर Updation अधिकतम –11.06.2022 तक किया जाना सुनिश्चित करेंगे। Update करने में यदि किसी भी तरह की कठिनाई होती है तो अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से सम्पर्क करें। जिन छात्रों के नामांकन को महाविद्यालय द्वारा Dash Board पर Update नहीं किया जायेगा तो यह समझा जायेगा कि संबंधित छात्र/छात्रा नामांकन हेतु महाविद्यालयों में उपस्थित नहीं हुए। फलतः उन सीटों को रिक्त माना जायेगा।***

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।

विश्वासभाजन,

ह0/–

(डॉ0 विजय कुमार यादव)

अध्यक्ष, छात्र–कल्याण

ज्ञापांक छा0क0 – 77/22 दिनांक 31/05/2022

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. **कुलपति के सचिव/प्रति–कुलपति/परीक्षा नियंत्रक एवं कुलसचिव** के निजी सहायक, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ।
2. **नोडल पदाधिकारी/विकास पदाधिकारी,** ल0 ना0 मि0 वि0, दरभंगा से अनुरोध है कि उक्त पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा करें।
3. **प्रभारी सहायक, स्नातकोत्तर सामान्य शुल्क संग्रह पटल,** ल0 ना0 मि0 वि0, दरभंगा।
4. **निदेशक,** यू0 एम0 आई0 एस0 सेल, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

31/05/2022

अध्यक्ष, छात्र–कल्याण

31/5/22